ACTION INDIA
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# लोक निर्माण विश्राम गृह रोघी से कास्तयो होते हुए रोघी कण्डें सडक का किया उद्घाटन

## 54 लाख 64 हजार रुपए की लागत से निर्मित पशु चिकित्सालय भवन कल्पा का लोकार्पण किया

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल**

**राजस्वए बागवानी** एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज जिला किन्नौर में कल्पा खण्ड के रोघी पंचायत में 14 लाख 6 हजार रुपए की लागत से निर्मित 2.555 किलोमीटर लोक निमार्ण विश्राम गृह रोघी से कास्तयो होते हुए रोघी कण्डें सडक व 12 लाख 68 हजार की लागत से निर्मित 2.795 किलोमीटर चिस्काओ से कानारो वाया ओमे से पानूगों तक जीप योग्य सम्पर्क सडक का उद्घाटन किया तथा 40 लाख 58 हजार रुपए की लागत से 1.500 किलोमीटर निर्मित होने वाली



रोघी से दखाए सम्पर्क सडक का शिलान्यास भी किया व लोक निमार्ण विभाग को रिकॉर्ड समय में सडक निर्मित करने को कहा।राजस्व मंत्री ने रोघी में जनता को संम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए वचनबद्व है। हमारी सरकार सभी क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में आगे बढ रही है।उन्होनें कहा कि प्रदेश के बागवानों की आय को बढ़ाने की दिशा में आगे बढते हुए राज्य सरकार ने पहली बार सेब प्रति किलो के हिसाब से बेचने का निर्णय लिया जो कि सफल भी हुआ और किसानों तथा बागवानों को उनकी फसल का उचित मुल्य प्राप्त हुआ।राजस्व मंत्री ने रोघी पंचायत के ग्रांमवासीयों की समस्याएं सुनी और आश्वासन दिया की सभी समस्याओं का शीघ्र निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पशु औषधालय के भवन का निर्माण किया जाएगा व सुबह 10 बजे रोगी के लिए बस सेवा आरंभ की जाएगी तथा कनारो मंदिर के निर्माण लिए उचित धन राशि दी जाएगी व रोघी के समस्त ग्राम वासियों को नववर्ष की बधाई दी।राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री ने 54 लाख 64 हजार रुपए की लागत से निर्मित पशु चिकित्सालय भवन कल्पा का लोकार्पण किया। ग्राम कांग्रेस कमेटी कल्पा द्वारा मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में एक लाख एक हजार एक सौ रुपए व ज्ञान प्रकाश कल्पा ने एक लाख रुपए का योगदान किया। इसके उपरान्त राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री ने ब्रैलंगी में 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले माहुनाग सामूहिक भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने दुनी पंचायत के गांव ब्रैलंगी में जनता की समस्याएं सुनी।

# मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को नववर्ष की दी शुभकामनाएं...

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह वर्ष प्रदेशवासियों के लिए सुख और समृद्धि लाएगा। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कैबिनेट मंत्री डॉ (कर्नल) धनी राम शांडिल, प्रो. चंद्र कुमार, रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह, विक्रमादित्य सिंह, राजेश धमार्णी और यादविंद्र गोमा भी इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ थे। उन्होंने भी राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।इससे पहले, राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पीएस राणा, हिमाचल प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त आरडी धीमान, हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट नियामक



प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और प्रमुख लोगों ने इस अवसर पर राज्यपाल को बधाई दी। पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी राजभवन में राज्यपाल से भेंट की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। राजभवन के सभी सदस्यों और राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल का अभिनंदन किया और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि वर्ष 2024 सभी के जीवन में समृद्धि, उन्नति और खुशहाली लाएगा।

# पूर्व महापौर संजय चौहान को मातृशोक

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भारत की कम्युनिस्ट** पार्टी मार्क्सवादी (सीपीआईएम) की हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने पूर्व महापौर व पार्टी राज्य सचिवमण्डल सदस्य संजय चौहान की माता सत्या चौहान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है व उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। पार्टी ने सत्या चौहान के 84 वर्ष की उम्र में हुए देहांत को जनवादी आंदोलन के लिए एक भारी क्षति बताया है। पार्टी ने सत्या चौहान द्वारा देहदान करने के निर्णय को आम जनमानस के लिए बेहद प्रेरणादायक कदम बताया है जिस से न केवल आने वाली पीढि?ां देहदान के लिए प्रेरित होंगी अपितु



यह मेडिकल साइंस के लिए भी बेहद लाभदायक सिद्ध होगा।पार्टी राज्य सचिव डॉ ओंकार शाद ने कहा कि सत्या चौहान का देहदान आईजीएमसी शिमला के मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित एनाटमी विभाग में किया गया। इस दौरान उनके बेटे राजेन्द्र चौहान, संजय चौहान, पोते, पोतियां, रिश्तेदार, शिमला शहर के लोग, विभिन्न पार्टियों के नेतागण व आईजीएमसी के कर्मचारी आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सत्या चौहान का जीवन जनता को संघर्ष की प्रेरणा देता है। छोटी उम्र में ही उनके पति सूरत सिंह चौहान का वर्ष 1977 में निधन हो गया था लेकिन कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने बच्चों का पालन पोषण अच्छे से किया। उन्होंने अपने जीवन को रूढि?ों, कुरीतियों व अंधविश्वास से मुक्त कर लिया था व इसी दृष्टिगत देहदान करने का निर्णय लिया था। उनका मानना था कि मृत्यु के बाद भी उनका शरीर मेडिकल साइंस व जनता के काम आना चाहिए।

# हिट एंड रन कानून के खिलाफ सड़क पर उतरे ट्रक ड्राइवर

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**हिट एंड रन** मामले में केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए कानूनी संशोधन के विरोध में ट्रक चालकों की हड़ताल का असर पधर उपमंडल में भी साफ तौर पर दिखा। ट्रक चालकों की हड़ताल को ट्रक यूनियन के साथ साथ टैक्सी यूनियन का भी पूर्ण सहयोग मिला। जबकि स्थानीय जिला परिषद सदस्य कामरेड रविकांत भी हड़ताल में शामिल हुए। मंडी-पठानकोट एनएच में जोगेंद्रनगर से पधर के बीच में एक भी ट्रक दौड़ता नहीं पाया गया। जबकि निजी और सरकारी बसों की आवाजाही सामान्य रूप




से होती रही। ट्रक चालकों ने इसे काला कानून बताते हुए पधर बाजार में विरोध रैली निकाल कर धरना प्रदर्शन भी किया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए ट्रक चालकों ने काले कानून को वापस लेने की मांग की। ट्रक यूनियन प्रधान कुलदीप सिंह ने कहा कि जब तक यह कानून वापिस नहीं लिया गया, हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कानून में किए गए संशोधन के तहत सडक हादसे के बाद मौके से भागने वाले चालक को दस साल की सजा और आठ लाख रुपये के जुमार्ने का प्रविधान किया जा रहा है। एक्सीडेंट आदि घटना कोई भी ड्राइवर जानबूझकर नहीं करते हैं। दुर्घटना के बाद चालक मौके से नहीं भागे तो जमा हुई भीड़ मारपीट करने के साथ कई बार जान तक ले लेती है।सरकार द्वारा जो जुमार्ना और सजा का प्राविधान किया है। जिससे ड्राइवर वर्ग चिंता में है। इतनी भरकम राशि का जुमार्ना गरीब ड्राइवर कहां से भरेगा और दस साल की सजा होने पर परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। ड्राइवर यूनियन ने सामूहिक रूप से नए कानून में संशोधन करने की मांग की है। इस दौरान ट्रक यूनियन उपप्रधान रणजीत सिंह, क्लर्क सीता राम, खेम सिंह, प्यार चंद, रामेश्वर, बबलू राम, राजू, गोपाल और कर्ण सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**क्या है हिट-एंड-रन कानून**

भारतीय न्याय संहिता के तहत हिट-एंड-रन मामले के नए प्रावधानों के मुताबिक, अगर कोई आरोपी ड्राइवर सडक हादसे के बाद अधिकारियों को बिना सूचना दिए बिना दुर्घटना स्थल से भाग जाता है तो उसे 10 साल की जेल की सजा काटनी पड़ेगी। साथ ही साथ जुमार्ना भी भुगतना पड़ सकता है।

# जोगिन्दरनगर के चुल्ला गांव में स्थित है मां टौण भ्राड़ी का प्राचीन मंदिर



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मंडी जिला** के जोगिन्दर नगर उपमंडल की ग्राम पंचायत तुल्लाह के चुल्ला गांव में मां टौण भ्राड़ी माता का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहते हैं कि यह पवित्र स्थान काफ ी प्राचीन है तथा खुले आसमान के नीचे मां टौण भ्राड़ी की प्रतिमा यहां विराजमान रही है। इसी स्थान पर काफ ी लंबे समय तक ब्रह्मलीन स्वामी शंकरानंद जी महाराज ने निवास कर इस पवित्र स्थान पर तपस्या की है। आज भी स्वामी शंकरानंद जी महाराज की प्राचीन कुटिया इस स्थान पर सुरक्षित है। प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह के 19 प्रविष्टे को यहां पर प्राचीन समय से ही मां टौण भ्राड़ी का एक दिवसीय मेला भी आयोजित किया जाता है। मां टौण भ्राड़ी के इस प्राचीन स्थान पर मां का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मां टौण भ्राड़ी कई परिवारों की कुलदेवी भी है। श्रद्धालु मां की पिंडी के साथ रखे पत्थरों को बजाकर अपनी मन्नत मांगते हैं। कहते हैं कि मां को कम सुनाई देता है ऐसे में भक्तजन मां के दरबार में हाजरी लगाते समय रखे पत्थरों को जरूर बजाते हैं। वर्तमान में मां को मंदिर के भीतर स्थापित करने के लिए भक्तजनों के सहयोग से छोटे मंदिरों का भी निर्माण किया गया है। लेकिन मां की आज्ञा न मिलने के कारण आज भी मां टौण भ्राड़ी मंदिर के बाहर ही विराजमान है तथा भक्तजन यहीं पर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

कहते हैं कि शादी होने पर नव विवाहित दंपति परिजनों सहित मां का आशीर्वाद प्राप्त करने यहां अवश्य पहुंचते हैं तथा मां की फेरी भी लगाते हैं। प्राचीन समय से ही मां के दरबार में नव दंपति की फेरी लगाने की परंपरा आज भी बरकरार है तथा स्थानीय वासियों सहित अन्य श्रद्धालु आज भी फेरी लगाने मां के दरबार में पहुंचते हैं।

# नववर्ष पर भी जारी रही प्रशासन की अत्रिकमण हटाने को लेकर मुहिम

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**अतिक्रमण हटाने** को लेकर सोलन शहर में प्रशासन द्वारा छेड़ी की मुहिम आज नववर्ष पर भी जारी है प्रशासन द्वारा 6 दिसंबर से इस मुहिम को शहर में छेड़ा गया था जिसके माध्यम से लोगों को नोटिस भी जारी किए गए थे।

वहीं प्रशासन अब नव वर्ष में भी इस मुहिम को जारी रखे हुए हैं आज डिग्री कॉलेज सोलन के समीप प्रशासन की टीमों द्वारा अतिक्रमण को लेकर कार्यवाई की गई है और नाप नपाई कर निशान लगाए गए हैं।



प्रशासन द्वारा यहां पर अवैध कब्जे को लेकर नाप नपाई की जा रही है, जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की मुहिम को भी प्रशासन यहां पर तेज करेगा। एसडीएम सोलन कविता ठाकुर ने बताया कि 6 दिसंबर से सोलन शहर में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की मुहिम को शुरू किया गया था जिसके बाद शहर के माल रोड बाजारों में प्रशासन की टीमों ने नाप नपाई की है और अतिक्रमण को भी हटाया है आने वाले दिनों में भी यह मुहिम जारी रहने वाली है।उन्होंने कहा कि आज शहर की डिग्री कॉलेज सोलन के पास प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर कारवाई अमल में लाई गई है इसके लिए डिग्री कॉलेज के समीप प्रशासन अवैध अतिक्रमण को लेकर नाप नपाई कर रहा है और आने वाले दिनों में भी यह कारवाई जारी रहेगी।

## सराय घाटी पहुंचा सेवानिवृत प्राथमिक शिक्षक का जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर। जिला सेवानिवृत** प्राथमिक शिक्षक संघ एवं समाज सुधार समवन्य समिति की ओर से शुरू किए गए जागरूकता अभियान की लौ सराय घाटी पहुंची। जहां पर संघ के मुख्य संरक्षक पंडित किशोरी लाल शर्मा की अगुवाई में पदाधिकारियों ने लोगों को नशाखोरी, भ्रष्टाचार, दहेज प्रथा व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों के अलावा पंजाब रोपड के सेवानिवरित जेबीटी शिक्षक परमिंद्र सिंह बेला, स्थानीय निवासी सीता राम, विनोद कुमार, कृष्णी देवी,अजायब सिंह व सुंदर राम सहित काफी लोगों ने भाग लिया।

# अमरजीत शर्मा ने रक्तदान का लगाया अर्धशतक

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल प्रदेश** स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी महासंघ जिला मंडी के अध्यक्ष अमरजीत शर्मा ने 50 वीं बार रक्तदान कर अर्धशतक लगा लिया हैं।1990 से स्वास्थ्य विभाग में बतौर लेबोटरी टक्नीशयन नियुक्त होने पर रक्तदान की जो इबारत लिखना शुरू की थी वह 2024 में जारी हैं। प्रथम जनवरी को अमरजीत शर्मा के छोटे बेटे अक्षित शर्मा का जन्मदिवस था तथा इस शुभ घड़ी पर दो बेटे अभिनव शर्मा व स्वयं ने रक्तदान करने का फैसला लिया। अमरजीत शर्मा ने बताया कि यदि उनकी रक्त की दो बूंद से



किसी को जीवनदान मिलता हैं तो इससे बढकर कोई पुण्य नहीं हो सकता। आज 50 वीं बार रक्तदान करके अपने आपको धन्य समझा तथा आम लोगों से भी अपील हैं कि समय-समय पर रक्तदान करते रहे ताकि कोई भी व्यक्ति रक्त की कमी से जिंदगी ना खो दें।ब्लड बैंक की टेक्नीशीयन चीफ कौशल्या चौहान ने कहा कि पहली मर्तबा उनके ब्लड बैंक में ट्रीपल ए ने ए पॉजीटीव रक्तदान किया।ट्रीपल, मतलब अमरजीत उनके बेटे अभिनव व अक्षित जिनका ब्ल्ड ग्रुप ए पॉजीटिव हैं।

## न्यूज फ्लैश

### ड्राइविंग टेस्ट 4 व 20 जनवरी को

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। वाहन** पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन (एसडीएम) कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत छोटा पड्डल मैदान मंडी में 4 व 20 जनवरी को ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपने फ ार्म फ ोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फ ाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। बिना फ ोटो, बिना फ ाईल तथा अधूरे फ ार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 4 जनवरी को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट के लिए पहली जनवरी से जबकि 20 जनवरी को होने वाले टैस्ट के लिए 14 जनवरी सुबह 10 बजे से परिवहन डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से स्लॉट बुक किए जा सकेंगे।

### हिमाचल में हाटी समुदाय को मिला एसटी दर्जा, हर्षवर्धन चौहान ने भाजपा पर लगाया मामले में राजनिति करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। साल 2023** के अगस्त महीने में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हाटी समुदाय को एसटी दर्जा देने को लेकर अधिसूचना जारी की इसके बाद गिरी पर इलाके के लोगों को प्रदेश सरकार की अधिसूचना का इंतजार था। लेकिन अब यह इंतजार भी खत्म हो गया है। लंबे इंतजार के बाद पहली जनवरी 2024 को गिरी पार इलाके के लोगों को एसटी दर्जा देने के लिए सरकार ने मंजूरी दी। इसको लेकर अधिसूचना भी जारी की गई है। इस दौरान प्रदेश सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान गिरि पार इलाके प्रतिनिधियों से मुलाकात। इस दौरान उद्योग मंत्री ने भाजपा पर इस मामले में राजनीति करने का भी आरोप लगाया उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हमेशा से ट्रांसगिरी पार के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के पक्ष में थी। उन्होंने कहा कि पूर्व की वीरभद्र सरकार के दौरान उन्होंने खुद भी सदन में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि यह मामला केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का था। लिहाजा प्रदेश सरकार को केंद्र का आदेशों को जस का तस लागू करना था। लेकिन केंद्र से आई अधिसूचना में त्रुटि के कारण प्रदेश सरकार हिमाचल में केंद्र की अधिसूचना को लागू नहीं कर पाए ऐसे में प्रदेश सरकार ने केंद्र से स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बाद जैसे ही केंद्र से स्पष्टीकरण आया तो प्रदेश सरकार ने बिना देरी के हाटी समुदाय को जनजाति दर्जा देने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी।

# शहादत के सम्मान से ही होता है, राष्ट्र का उत्थान : नरेन्द्र अत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**सेना मैडल (शौर्य)** से अलंकृत शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के शहीदी दिवस पर सोमवार को उन्हें हमीरपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा चौक पर उनके चित्र पर भाजपा के प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री, भाजपा नेता एवं पूर्व पंचायत प्रधान सुरेंद्र मिन्हास, भाजपा मंडल सदस्य विकास शर्मा, भाजपा पूर्व मीडिया प्रभारी सुरेश ठाकुर, भाजयुमो मंडल हमीरपुर सचिव एवं भाजयुमो पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र छोटा, अधिवक्ता आर. चोपड़ा, इंजीनियर निखिल शर्मा, बूथ अध्यक्ष रजनीश कुमार



सहित शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों ने कैप्टन मृदुल शर्मा के स्मारक पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

**अमर शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के शहादत दिवस पर दी, भावभीनी श्रद्धांजलि**

देश के लिए कैप्टन मृदुल शर्मा के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण करते हुए प्रदेश भाजपा सचिव नरेंद्र अत्री ने कहा कि राष्ट्र हमेशा अमर शहीदों का ऋ णी है और शहादत का स्मरण व सम्मान करके ही राष्ट्र का उत्थान होता है।

# अनुज गुप्ता को दिलाई नगर पंचायत अर्की पद के अध्यक्ष की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**उपमण्डलाधिकारी** अर्की यादविंदर पाल ने आज मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग) संजय अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति में नगर पंचायत अर्की के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुज गुप्ता को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।संजय अवस्थी ने इस अवसर पर अनुज गुप्ता को नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष पद का कार्यभार सम्भालने पर बधाई देते हुए आशा जताई कि वह इस पद के उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए नगर पंचायत अर्की के क्षेत्र के विकास को तीव्र गति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष



का उत्तरदायित्व क्षेत्र के लिए विशिष्ट है क्योंकि इस पद के माध्यम से नगर पंचायत अर्की क्षेत्र का योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित पंचायत अध्यक्ष को सभी के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। संजय अवस्थी ने कहा कि समय निरंतर गतिमान है और समय का सदुपयोग करके ही विभिन्न कार्यों को जनहित में जन अपेक्षाओं के अनुरूप पुरा किया जा सकता है। उन्होंने आशा जताई कि नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष समय का सदुपयोग करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र की भलाई के कार्य को जारी रखेंगे।मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से आमजन की राहों को आसान बना रहे हैं। नगर पंचायत अर्की को प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाना है और अपने अधिकार क्षेत्र में लोगों को समय पर सेवाएं प्रदान करनी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास के लिए योजनाओं के अनुरूप समुचित धनराशि प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है।

संजय अवस्थी ने इस अवसर पर सभी को नव वर्ष 2024 की बधाई दी और आशा जताई कि सभी नव वर्ष के प्रथम दिवस पर प्रदेश के विकास में सक्रिय सहभागी बनेंगे और अपने विधानसभा क्षेत्र को नई ऊंचाई प्रदान करने की शपथ लेकर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर खण्ड कांग्रेस समिति अर्की के अध्यक्ष सतीश कश्यप, नगर पंचायत अर्की की पूर्व अध्यक्ष सीमा शर्मा, जिला कांग्रेस के महासचिव राजेन्द्र रावत तथा प्यारे लाल शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के नाम पर गुमराह कर रही है भाजपाः इंद्र दत्त लखनपाल

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**बड़सर के** विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारली के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार और सरकारी स्कूलों की कायाकल्प के लिए बहुत ही प्रभावी कदम उठाए हैं। आने वाले समय में इनके अच्छे परिणाम आएंगे। इंद्र दत्त लखनपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा एक बार फि र भगवान राम के नाम केंद्र की सत्ता पर काबिज होने के लिए लोगों को



गुमराह करने का प्रयास कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की आड़ में भी लोगों को गुमराह किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने और वर्ष 2022 तक सभी देशवासियों को पक्का मकान देने और अन्य बड़े-बड़े वायदों के कारण सत्ता में आई थी, लेकिन इनमें से कोई भी वायदा आज तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार मकान निर्माण के लिए केवल डेढ़ लाख रुपये दे रही है, जबकि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा में तबाह हुए मकानों के पुनर्निर्माण के लिए 7-7 लाख रुपये का प्रावधान किया है। प्रदेश सरकार का यह आपने आपमें ऐतिहासिक है। इंद्र दत्त लखनपाल ने समारोह के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बहुत ही प्रभावशाली ढंग से अपने विचार रखने वाले तीन विद्यार्थियों महक, मोहित और आरव शर्मा को विशेष रूप से पुरस्कृत करते हुए 500-500 रुपये की राशि प्रदान की। उन्होंने स्कूल को अपनी ओर से 11 हजार रुपये देने की घोषणा भी की। इससे पहले प्रधानाचार्य बलवीर सिंह ने मुख्य अतिथि, अन्य गणमान्य अतिथियों और बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# हिट एंड रन कानून में बदलाव के विरोध में सोलन में बस चालकों ने किया धरना प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**हिट एंड रन** कानून में बदलाव को लेकर केंद्र सरकार ने संसद में एक नया कानून 2023 पेश किया है और यह कानून बीते दिनों लोकसभा में देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा पेश किया गया था और इसमें एक्सीडेंट के मामले को लेकर चालकों पर सख्त कार्रवाई लेने के लिए कानून बनाया गया है जिस पर अब अगर कोई गाड़ी चालक एक्सीडेंट करता है तो उसे 10 साल की सजा का प्रावधान रखा गया और साथ ही 7 लाख रुपए जुमार्ना भी रखा गया है अगर चालक हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचना है तो सजा और जुमार्ना कम किया जा सकता है। कानून पेश होने के बाद पूरे देश के चालकों में खास रोष देखा जा रहा है। सोलन में भी निजी बस चालक इसको लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले



गए हैं और उन्होंने न्यू बस स्टैंड सोलन और बाईपास पर एकत्रित होकर केंद्र सरकार के इस कानून के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार को चेतावनी देकर कहा कि अगर जल्द ही उन्होंने यह काला कानून वापस नहीं लिया तो वह आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। चालकों ने कहा कि बस चालक इतने अमीर होते तो कोई अपना काम कर लेते लेकिन सरकार जो नया कानून लेकर आई है उसके तहत 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए जुमार्ना लगाया जाएगा, उन्होंने कहा कि फि लहाल 3 दिनों तक इस धरने को चालक करने वाले है आज चालकों द्वारा सोलन से कालकाए सोलन से बद्दी नालागढ़ रामदशहर की बसों को बंद रखा गया है, कल सोलन से शिमला आने जाने वाली बसों को भी बंद करने के लिए चालकों से आग्रह किया जाएगा।

# जेजंवी में सम्मानित किए 70 बसंत देख चुके पैंशनर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**सम्मान**

**8 70 वर्ष की पूर्ण करने वाले 6 पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनर को शॉल टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया**

**हिमाचल प्रदेश** पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर इकाई जेजवीं खण्ड झंडूता का वार्षिक अधिवेशन सम्मान समारोह का आयोजन प्रधान भाग सिंह की अध्यक्षता में जेजवीं में सम्पन्न हुआ। सम्मान समारोह में जिला महामंत्री चेत राम वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की तथा जिला वरिष्ठ उपप्रधान जसवंत सिंह चंदेल, खंड के प्रधान बीरबल धीमान और कलोल इकाई के प्रधान विजय राम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मंच संचालन करते हुए इकाई के सचिव बली राम ने कार्यक्रम में दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए दो मिनट मौन रखकर याद किया। इकाई के प्रधान भाग सिंह ने पिछले साल का लेखा जोखा रखा गया जिसे हाउस ने एक स्वर में पारित कर दिया। सम्मान सम्मारोह में 70 वर्ष की पूर्ण करने वाले 6 पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनर को शॉलख टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिनमें जैमलसिंह, धर्म सिंह, रत्तनू राम,सीता राम, गीता देवी, मनसा देवी, लक्ष्मी देवी शामिल हैं। समारोह में मुख्य वक्ताओं में शामिल विजय राम शर्मा, भाग सिंह, बीरबल धीमानए जसवंत सिंह धीमान और मुख्य अतिथि ने विचार रखते हुए कहा सरकार पेंशनरों की मांगों को अनदेखा न करें और जल्दी ही मांगों पर विचार करके उनका समाधान किया जाए। जिला महामंत्री चेत राम वर्मा ने कहा है कि मुख्य मांगे सरकार के विचाराधीन है। उनके समाधान के लिए संयुक्त सलाहकार समिति गठित करके बैठक बुलाई जाए। जिसमें ज्वलंत मुद्दों पर मांगों पर विचार किया जा सके ताकि सरकार और पेंशनरों के बीच सौहार्दपूर्ण तालमेल बना रहे क्यूंकि सरकार के प्रति पेंशनरों में भारी रोष बढ़ रहा है। जिसका भुगतान सरकार को आने वाले समय में भुगतना पड़ेगा। सरकार ने पेंशनरों के भुगतान के लिए दो साल का समय दिया है वो व्यवहारिक नहीं है और असहनीय है। सरकार अपने खर्चे कम करके पेंशनरों की देनादरियों अदा करने का प्रबंध करे अन्यथा परिणाम ठीक नहीं होंगे।

# हिमाचल अयोध्या से लाया गया पूजित अक्षत कलश पंहुचा योगसिद्ध आश्रम पुरानी मंडी

## भव्य राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण देने निकलेगी राम भक्तों की टीमें

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**अयोध्या से** लाया गया पूजित अक्षत कलश छोटी काशी मंडी के योगसिध आश्रम में पहुंच गया। बाबा त्रिलोकी नाथ मंदिर से हिंदुओं ने कलश का स्वागत करके जय श्री राम का उद्घोष किया। बाबा त्रिलोकीनाथ मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़े पैमाने पर राम भक्तों ने भाग लिया। अक्षत कलश को योग सिद्ध आश्रम में स्थापित किया गया है। इसके बाद अक्षत वितरण का कार्य शुरू हो जाएगा। भगवान राम की 22 जनवरी को अयोध्या में



प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसका निमंत्रण तमाम लोगों को अक्षत के साथ दिया जाएगा। अरोग्य भारती के प्रांत प्रवोधन प्रमुख डॉक्टर ओम राज शर्मा ने कहा कि 500 वर्षों के बाद आज वह रामराज्य और स्वर्ग युग आया है जब राम मंदिर का निर्माण हुआ है। लाखों राम भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति 500 साल के दौरान दी तथा 22 जनवरी को भगवान राम लला अपने गर्भ गृह में विराजमान हो जाएंगे। उनकी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस शुभ घड़ी को निहारने के लिए हिमाचल प्रदेश से भी बड़े पैमाने पर हिंदू अयोध्या पहुंचेंगे। 22 जनवरी को हिमाचल के तमाम मंदिरों में दीप जलाए जाएंगे। हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक घर में दीप जलाकर जय श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का जाप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनाने के लिए जिन राम भक्तों ने अपना बलिदान दिया है उन्हें भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या से लाया गया अक्षत पूजित कलश योग सिद्ध आश्रम में स्थापित किया गया है तथा भगवान राम के मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के लिए पूजित अक्षत घर-घर बांटने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट,पूर्व पार्षद दिनेश शर्मा, माता शीतला सेवक समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार, प्रयास हेल्थ केयर के तमाम पदाधिकारी व सदस्य तथा बड़ी तादात में माता और बहनों ने भी भाग लिया। शोभा यात्रा के दौरान माता और बहनों के साथ राम भक्तों ने जय श्री राम जय राम जय जय राम का उद्घोष किया।

# चिट्टे की समस्या से निपटने के लिए बनाई रणनीति

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जन जागरूकता** कल्याण मंच कोट देहरा हटवाड़ ने क्षेत्र में फैल रही चिट्टे की समस्या से निपटने के लिए डीएसपी घुमारवीं चन्द्रपाल एवं इलाका के लोगों के साथ रणनीति तैयार करने के लिए बाग हटवाड़ में एक बैठक की। जिसमें चिट्टे की बढ़ती समस्या को लेकर मंथन किया गया। बैठक में क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों और इलाकावासियों को एकजुट होकर इसके जाल में फं सने वाले युवाओं को जागरूक करने व तस्करी करने वालों को कानून के शिकंजे में कसने के लिए विचार-विमर्श हुआ। बाग के



स्वामी पूजनीय नित्यानंद जी द्वारा बाग में पौधरोपण के लिए विशेष रुप से आमंत्रित डीएसपी घुमारवीं चन्द्र पाल ने सभी सामाजिक संस्थाओं के साथ बाग में विभिन्न प्रकार के औषधीय व अन्य पौधों का आरोपण भी किया। इसमें सरकाघाट मंडी एवं स्थानीय संस्थाओं और निवासियों ने बढ़-चढकर भाग लिया।

# विरोधी गुट ने सत्ता पक्ष में सेंध लगाते हुए तख्तापलट के प्रयास किए तेज



**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**अब फि र सहायक** पंजीयक सहकारी सभाएं बिलासपुर ने बीडीटीएस प्रबंधक कार्यालय को 29 दिसंबर को जारी निर्देश में एक हफ्ते के भीतर बैठक बुलाने को कहा है। बताते चले कि जिले की एसीसी सीमेंट फैक्ट्री बरमाणा से ढुलाई कार्य के लिए अधिकृत एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट सभा बीडीटीएस में फि र से तख्तापलट को लेकर अंदर खाते जोड़-तोड़ की राजनीति शुरू हो गई है। पूर्व में सभा के नियंत्रक पद पर रहे ध्यान सिंह ठाकुर ने कहा कि अब विरोधियों की एक भी नहीं चलने देंगे कमेटी के 12 सदस्य पूरी तरह से एकजुट है। सभा का सारा काम सुचारू और पारदर्शी तरीके से चलेगा। हालांकि बीडीटीएस की कुल 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के विरोधी पक्ष के सदस्यों की ओर से सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं विभाग बिलासपुर को एक पत्र प्रेषित कर मीटिंग आयोजित करने का आग्रह किया गया था, विरोधी पक्ष को सत्ता पक्ष के कुछ नाराज सदस्यों की स्पोर्ट मिली थी और इसी के चलते फि र अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं बिलासपुर को बीते 23 नवम्बर को 11 सदस्यों द्वारा दिए गए आवेदन पत्र में हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं नियम 1971 के उपनियम 48 के अंतर्गत प्रबंधक समिति की विशेष बैठक बुलाकर प्रधान उप प्रधान अन्य पदाधिकारियों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने बारे बुलाने का अनुरोध किया था। इस संदर्भ में एआर ने प्रबंधक समिति सदस्यों की मांग व हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं नियम 1971 के नियम संख्या 48 में निहित प्रावधान के अंतर्गत सभा के सचिव नन्द लाल ठाकुर को निर्देश जारी किए गए थे।

# जुखाला कॉलेज के छात्र विजय कुमार का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**राजकीय महाविद्यालय** जुखाला के छात्र विजय कुमारका राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड तैयारी शिविर-2024 के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी की लहर है। महाविद्यालय के छात्र विजय कुमार, अभिषेक, शुभम और अजय ने हिमाचल प्रदेशके सभी महाविद्यालयों के अन्य छात्रों के साथ राज्य स्तरीय पूर्वणगणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में भाग लिया। जो 29 नवंबर से 3 दिसंबर, 2023 तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर मंडी



में आयोजित किया गया था। जिनमें से 75 छात्रों का चयनराज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड तैयारी शिविर 2024 के लिए हुआ, जिसमें विजय कुमार भी शामिल है।

# घुमारवीं बाल विद्यालय में सीएम स्टार्टअप योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला बाल घुमारवीं में सीएम स्टार्टअप योजना के तहत उद्योग विभाग शिमला की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग की स्वरोजगार के छोट-बढ़े उद्यम स्थापित करने के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में स्कूल के 55 बच्चों को जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर से प्रसार अधिकारी पूनम ने संबोधित किया। उद्यमी कमल शर्मा ने बवासीर की बीमारी की दवा के निर्माण व उसकी आपूर्ति के बारे में विस्तार



से जानकारी दी। इसके अलावा विमला ने बच्चों को व्यर्थ कृषि उत्पादों को उपयोगी उत्पाद बनाते के बारे में सफ ल व्यवसायी बनने की पूरी जानकारी दी। इस कार्यशाला में विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अरविंद शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक सुनीता ने बच्चों का स्टार्ट अप योजना शुरू करने के लिए प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन किया। समन्वयक पूनम ने मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस योजना के तहत 18 से 4 वर्ष के पुरूष व महिला अपना स्वरोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सहायता बैंक से मिलेगी लेकिन अनुदान विभाग की ओर से अलग-अलग वर्गों को अलग.अलग दर पर दिया जाएगां। इसके अलावा जरूरी दस्तावेज व प्रोजेक्ट रिपोर्ट आनलाइन आवेदन करने से पहले बैंक के साथ चर्चा करने के बारे में भी अवगत करवाया गया। इस दौरान बच्चों को एमरजिंग हिमाचल पोर्टल पर अपना आवेदन करना भी सीखाया गया।

# कौलां वाला टोबा स्कूल में पढ़ाया यातायात जागरूकता का पाठ

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जिले के श्री** नयना देवी जी विस क्षेत्र के तहत पड? वाले कौलां वाला टोबा की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय की ओर से सडक सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय स्टाफ और स्कूली बच्चों ने बढ़-चढकर भाग लिया।

आरटीओ राजेश कुमार कौशल की अगवाई में आयोजित इस शिविर में बच्चों को यातायात नियमों, लाइसेंस, ऑन लाइन सर्विस, मोटर व्हीकल अधिनियम, सडक हादसों के कारण, रोकथाम, लाईटस, जेबरा



क्रॉसिंग, ओवर टेक, /वनि, वायु प्रदुषण, सुरक्षा के लिए हैलमेट और सीट बैल्ट का प्रयोग, ओवरलोढिंग, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग, नशे में गाड़ी चलाना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बच्चों ने आरटीओ राजेश कुमार कौशल से यातायात को लेकर प्रश्न भी पूछे जिनका उन्होंने सहजता से उतर देकर बच्चों की जिज्ञासा का शांत

**जागरूक**

**8 यातायात को लेकर प्रश्न भी पूछे जिनका उन्होंने सहजता से उतर देकर बच्चों की जिज्ञासा का शांत किया**

किया। स्कूल के प्रिसीपल नरेंद्र मुसाफि र से आरटीओ सहित अन्य विभागीय कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत टोबा के उपप्रधान मोहन लाल, बस एसोशिएशन के पदाधिकारी अनीश कौशल व अन्य आपरेटर्स के अलावा स्कूल स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे।

# डंगार में रक्तदान शिविर में 108 लोगों ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**स्वर्गीय सचिन** वात्सायन की जन्मदिन के उपलक्ष्य में नेहा मानव सेवा सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर में 108 रक्त के यूनिट सिविल अस्पताल बिलासपुर ब्लड बैंक टीम द्वारा एकत्रित किए गए। सचिन वात्सायन के माता पिता और बहन विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे और सभी रक्तदानियों का आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि समाजसेवी सतपाल महाजन और समाजसेवी राम चंद बरूर रहे और विशेष अतिथि फ ाउंडर ऑफ हिमाचल दर्शन और हिमाचल प्रदेश सचिव रक्षक फ ाउंडेशन से अनु ठाकुर, कृष्ण लाल बरुर, जागीर सिंह मेहता,



राजन कुमार हमीरपुर से हिमाचल प्रदेश व्हील चेयर क्रिकेट टीम के संस्थापक और पैरा स्पोर्ट्स में गोल्ड मेडलिस्ट, अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक नरेश नड्डा रहे। नेहा मानव सेवा सोसाइटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में हिमाचल दर्शन की फ ाउंडर और रक्षक फ ाउंडेशन की हिमाचल प्रदेश सचिव अनु ठाकुर ने तीसरी बार रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में कुल 108 रक्तवीरों ने रक्तदान किया और उन्हें नेहा मानव सेवा सोसाइटी द्वारा रक्त सेवा सम्मान स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

रक्तदान शिविर में रिफ्रेशमेंट के साथ बिलासपुरी धाम का आयोजन भी किया गया था जिसका रक्तदान शिविर में शामिल हुए सभी सदस्यों ने लुत्फ लिया।

## साल 2024 के पहले दिन चमका सोना

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन सोने की कीमतों में तेजी देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी की वायदा कीमतों में नरमी देखी गई। सोने के वायदा भाव 63,250 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। चांदी के वायदा भाव 74,350 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। बीते साल सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी गई।

MCX पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट आज 22 रुपए की तेजी के साथ 63,225 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय सोना 63,278 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 63,289 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 63,181 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले साल दिसंबर महीने में 64,063 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था।



**चांदी की चमक फीकी**

सोने के उलट नए साल के पहले दिन चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। MCX पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 151 रुपए की गिरावट के साथ 74,279 रुपए के भाव पर खुला। इस समय इसने 74,370 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 74,220 रुपए प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल दिसंबर महीने में चांदी के वायदा भाव 78,549 रुपए किलो के भाव पर पहुंच गए थे।

## जेट फ्यूल हुआ सस्ता, विमानन कंपनियों के शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन हवाई यात्रा करने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर आई है। हवाई यात्रा करने के लिए अब आपकी जेब पर पड़ने वाले बोझ कम हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमतों में कमी आई है। ATF के दाम 1.06 लाख रुपए प्रति किलोलीटर से घटाकर 1.01 लाख रुपए प्रति किलोलीटर पर आ गए हैं।

**विमानन कंपनियों के शेयरों में उछाल**

जेट फ्यूल की कीमत में कटौती का असर विमानन कंपनियों के शेयरों पर दिख रहा है। स्पाइसजेट के शेयर ने शुरुआती कारोबार में 3 प्रतिशत तक की तेजी आई। कंपनी का शेयर बीएसई पर 62 रुपए पर पहुंच गया। Interglobe Aviation (IndiGo) शेयर की कीमत में शुरुआती कारोबार में पिछले बंद भाव से करीब 3 प्रतिशत तक की तेजी आई और 52 सप्ताह का नया हाई 3,047.80 क्रिएट हुआ। जेट एयरवेज इंडिया का शेयर 2 प्रतिशत तक चढ़कर 59 रुपए पर पहुंच गया। जेट फ्यूल की कीमत में कटौती से उन विमानन कंपनियों को फायदा होता है, जिनकी ऑपरेशनल कॉस्ट में ईंधन की हिस्सेदारी लगभग 40फीसदी है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क और फॉरेन एक्सचेंज रेट्स की औसत दर के आधार पर, एटीएफ की कीमत हर महीने की पहली तारीख को संशोधित की जाती है।

**दिसंबर में भी सस्ता हुआ था ATF**

एटीएफ की कीमत में एक दिसंबर में भी 4.6 प्रतिशत की कटौती की गई थी। दिल्ली में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) का दाम 1,06,155.67 रुपए प्रति किलोलीटर हो गया थे। जो पहले 1,11,344.92 रुपए प्रति किलोलीटर थे।

## हिंडनबर्ग खुलासे के बाद वापसी करते अडानी ने इस साल इक्विटी, बांड से 15 अरब डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** रबपति कारोबारी गौतम अडानी के समूह ने इस साल इक्विटी से पांच अरब अमेरिकी डॉलर (41,500 करोड़ रुपए) जुटाए और करीब इससे दोगुनी राशि बांड के जरिए हासिल की। अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में समूह पर लगाए गए गंभीर आरोपों से उबरते हुए अडानी ने निवेशकों का भरोसा साबित किया। अडानी 2023 की शुरुआत में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी थे, हालांकि 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में उन पर आरोप लगाए जाने के बाद उनकी निजी संपत्ति लगभग 60 अरब डॉलर घट गई। समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया और अपनी रणनीति पर काम करते हुए वापसी की। अडानी एक साल पहले अपनी संपत्ति से करीब 36 अरब अमेरिकी डॉलर पीछे हैं। वह अपने प्रतिद्वंद्वी अरबपति मुकेश अंबानी से 12 अरब अमेरिकी डॉलर पीछे हैं। अडानी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के एक संघ से 1.36 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। एजीईएल के अनुसार मार्च 2021 में प्रारंभिक परियोजना वित्तपोषण के बाद से 1.36 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण से कंपनी का कुल कोष बढ़कर तीन अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# नए साल पर निवेशकों को बड़ा तोहफा, फरवरी में आएगी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की अगली सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2024 में जारी होने वाले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम की तारीख का ऐलान कर दिया गया । इस साल फरवरी में निवेशकों को पहली बार सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने का मौका मिलेगा। 2023-24 की अगली सीरीज 12 फरवरी को शुरू होगी और 16 फरवरी तक इसमें निवेश किया जा सकेगा।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत बैंकों के साथ ही क्लीयरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) और स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) के जरिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश किया जा सकता है। इसके साथ ही बीएसई और एनएसई के जरिए भी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने की सुविधा दी गई है।

इस केंद्रीय योजना के तहत निवेश किए गए धन की




सिक्योरिटी की गारंटी भारत सरकार देती है। इसका संचालन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) करता है। इस स्कीम के तहत कम से कम एक ग्राम सोना खरीदा जा सकता है, वहीं इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स को अधिकतम चार किलोग्राम तक सोना खरीदने की छूट दी गई है। इस स्कीम के तहत हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (एचयूएफ) और ट्रस्ट अधिकतम 20 किलोग्राम सोना में निवेश कर सकते हैं। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत मैच्योरिटी पीरियड आठ साल है। हलांकि पांच साल पूरा होने के बाद भी निवेशक अपना पैसा निकाल सकते हैं।

इसके अलावा स्टॉक एक्सचेंज के जरिए भी इसकी खरीद-बिक्री की जा सकती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 2.50 प्रतिशत का ब्याज भी दिया जाता है, जो सीधे उनके खाते में जाता है। इस योजना की शुरुआत 2015 में हुई थी। 2023 के अंत में ही सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की पहले स्कीम की मैच्योरिटी हुई थी, जिसमें निवेशकों को करीब ढाई गुना से अधिक का मुनाफा हुआ था।

## चीन की विनिर्माण गतिविधि दिसंबर में धीमी, अर्थव्यवस्था अब भी कमजोर

**बैंकॉक:** चीन की विनिर्माण गतिविधियों में दिसंबर में गिरावट आई, जिसके साथ ही दुनिया की नंबर दो अर्थव्यवस्था अब भी सुस्त बनी हुई है। चीनी फैक्टरी प्रबंधकों के एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक या पीएमआई दिसंबर में गिरकर 49 पर आ गया। अधिकारियों का मानना है कि यह सुस्त मांग का संकेत है। सूचकांक में 100 में से 50 से नीचे का आंकड़ा विनिर्माण गतिविधि में संकुचन, जबकि 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार को दर्शाता है। सूचकांक पिछले नौ महीनों में से आठ बार गिरा है, केवल सितंबर में इसमें वृद्धि हुई थी। नवंबर में यह 49.4 और अक्टूबर में 49.5 था। वैश्विक महामारी के बाद लंबे समय तक कमजोर पड़ी अर्थव्यवस्था के करीब 5.2 प्रतिशत वार्षिक गति से बढ़ने की उम्मीद है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अपने नए साल के भाषण में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था, ''पहले से अधिक लचीली और गतिशील' बन गई है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के मुद्रास्फीति से निपटने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने से विनिर्मित वस्तुओं की वैश्विक मांग प्रभावित हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, दिसंबर में चीन का गैर-विनिर्माण पीएमआई बढ़कर 50.4 हो गया। सेवा क्षेत्र पीएमआई उप-सूचकांक 49.3 रहा।



## कैट का प्रधानमंत्री से 22 जनवरी को राम राज्य दिवस एवं राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक ज्ञापन भेज कर 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर के अभिषेक और उद्घाटन को सदैव जीवंत रखने के लिए इस दिन को राम राज्य दिवस घोषित करने का आग्रह किया है। कारोबार संगठन कैट ने प्रधानमंत्री से प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे ज्ञापन में कहा कि श्रीराम निस्संदेह भारत के सबसे महान राजा हैं, जिनके शासन में भारत के लोग न केवल समृद्ध और स्वस्थ हुए, बल्कि धर्म और भाईचारे में गहरी आस्था भी स्थापित हुई। वह काल भारत के स्वर्णिम सनातन इतिहास के महानतम कालों में से एक माना जाता है। इसलिए उस दिन को राम राज्य की स्थापना का दिन मानते हुए इस दिन को राम राज्य दिवस घोषित किया जाना देशवासियों की आकांक्षाओं का सम्मान होगा।खंडेलवाल ने कहा कि यह बेहद महत्वूर्ण दिन श्रीराम के आदर्शों, नीतियों एवं मर्यादाओं को आत्मसात करने एवं अपनाने के लिए तथा भारत में राम राज्य सरीखे शासन एवं प्रशासन की स्थापना के लिए सदैव देशवासियों को प्रेरित करेगा। इस लिहाज से इस दिन के महत्व को देखते हुए 22 जनवरी को राम राज्य दिवस घोषित किया जाए। कैट महामंत्री ने कहा कि अन्य महत्वपूर्ण दिनों पर सार्वजनिक अवकाश की परंपरा को जारी रखते हुए इस दिन को सार्वजनिक अवकाश दिवस भी घोषित किया जाए। कैट महामंत्री ने बताया कि श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह ने देशभर में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के नए व्यापार के अवसर भी उत्पन्न किए हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि देशभर में श्रीराम मंदिर को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह और उमंग है। खंडेलवाल ने कहा कि भारत का संपूर्ण व्यापारिक समुदाय जो सनातन धर्म के लोकाचार और मूल्यों के प्रचार-प्रसार के मामले में हमेशा अग्रणी रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिन को मनाने के लिए एक जनवरी से 22 जनवरी तक कैट देशभर में एक राष्ट्रीय अभियान हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या के तहत अनेक कार्यक्रमों की एक राष्ट्रव्यापी श्रृंखला सोमवार एक जनवरी, 2024 से प्रारंभ करने जा रहा है।

## नए साल में सेंसेक्स के 85000 छूने की उम्मीद, रिटर्न 15 फीसदी

**नई दिल्ली।** साल 2023 में शेयर बाजार रिटर्न देने के लिहाज से बेहतर रहा है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों के दम पर निवेशकों ने अच्छा फायदा कमाया है। 2024 भी निवेश के लिहाज से भरपूर रिटर्न देने वाला रह सकता है। इस साल बाजार में निवेश और जोखिम का गणित बताती अजीत सिंह की

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सेंसेक्स में 2023 में 19 फीसदी की बढ़त रही। कुछ ऐसे शेयर रहे हैं जो पांच गुना तक बढ़े हैं। लार्ज कैप के कुछ शेयरों में 91 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। मिडकैप और स्मॉल कैप इंडेक्स 45 फीसदी तक उछले हैं। बेंचमार्क को इन सभी ने रिटर्न के मामले में पीछे छोड़ा है। विश्लेषकों का मानना है कि सेंसेक्स इस साल के अंत तक 85,000 तक जा सकता है यानी 15 फीसदी का इजाफा होने की उम्मीद है।

**इसलिए आएगी 2024 में बाजार में तेजी**

इस साल तीन प्रमुख इवेंट्स हैं जो अर्थव्यवस्था के साथ बाजार पर भी असर डालेंगे। पहला इवेंट्स राम मंदिर, दूसरा इवेंट्स आम चुनाव है। माना जा रहा है कि मोदी सरकार तीसरी बार



सत्ता में वापसी करेगी। ऐसा होता है तो स्थिर सरकार के साथ अर्थव्यवस्था की नीतियों और सुधार का कार्यक्रम जारी रहेगा। भारी निवेश और खर्च भी होता रहेगा, जिससे अर्थव्यवस्था में तेजी रहेगी। तीसरा इवेंट्स बजट है जो फरवरी में और पूर्ण बजट जुलाई में आएगा।

बाजार की तेजी में जो महत्वपूर्ण योगदान देंगे उनमें विदेशी निवेशकों का लगातार निवेश, अर्थव्यवस्था में निरंतर तेजी, महंगाई के मोर्चे पर राहत के साथ ब्याज दरें घटने की उम्मीद है। यह सारे ऐसे कारक हैं, जो शेयर बाजार को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**मुनाफा कमाने के बाद बेच दें शेयर**

जिन शेयरों में अच्छा मुनाफा कमा लिया है, उसमें से निकल जाएं। गिरावट का इंतजार करें। बाजार जनवरी में थोड़ा गिरावट दिखाए, तो सस्ते भाव पर खरीदी करें। जब भी औसत कमाई हो जाए, उन शेयरों में मुनाफा वसूली कर लेनी चाहिए। आप अगर 5-10 साल के लिए निवेश करना चाहते हैं तो बने रहें।

**वैश्विक तनाव से बाजारों पर बना रहेगा जोखिम**

रूस-यूक्रेन, इस्रायल-फलस्तीन के साथ कई अन्य देशों के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहे हैं। 2024 में भी इस तरह के कुछ वैश्विक तनाव दिख सकते हैं, जिसका शेयर बाजारों पर भी असर दिख सकता है। ट्रेडिंगो के संस्थापक पार्थ न्याति 2024 में तमाम कारक ऐसे हैं जो शेयर बाजार को तेज रफ्तार देंगे। इसमें जीडीपी की मजबूत वृद्धि दर, राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत सुधार में निरंतरता जैसे महत्वपूर्ण कारक हैं।

# नए साल में शनिवार को भी खुलेगा शेयर बाजार, बदलेगा ट्रेडिंग का तरीका

**नई दिल्ली।** अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो आपके लिए बड़ी खबर है। नए साल में शनिवार के दिन भी स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग होगी। आमतौर पर शेयर बाजार में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश होता है लेकिन साल 2024 के जनवरी महीने में शनिवार के दिन बाजार में ट्रेडिंग होने वाली है। दरअसल नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने



डिजास्टर रिकवरी साइट पर स्विच करने के लिए 2 विशेष लाइव सेशन आयोजित किए हैं। यह लाइव सेशन 20 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। इस दिन शनिवार है। इसमें पहला सेशन सुबह 9:15 बजे से शुरू होगा। यह सुबह 10 बजे समाप्त होगा। वहीं दूसरा सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होकर दोपहर में 12:30 बजे बंद होगा। नए साल में इस ट्रेडिंग सेशन के जरिए स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी साइट का ट्रायल किया जाएगा। इसका मकसद विषम परिस्थितियों में बिना किसी रुकावट या बाधा के ट्रेडिंग जारी रखना है। किसी साइबर अटैक, सर्वर क्रैश या अन्य विषम परिस्थितियों में ट्रेडिंग डिजास्टर रिकवरी साइट पर की जा सकेगी। इससे मार्केट और निवेशकों में स्थिरता बनी रहेगी। एनएसई से इस बारे में एक सर्कुलर भी जारी किया गया है। इसमें ट्रेडिंग सेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। सर्कुलर के मुताबिक, सुबह 9 बजे से 9 बजकर 8 मिनट तक प्री ओपन सेशन होगा। इसके बाद सामान्य बाजार सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर खुलेगा। यह 10 बजे बंद हो जाएगा। इस दौरान ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी। इसके बाद दूसरा विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन डीआर साइट पर होगा। इस दूसरे विशेष लाइव सेशन में, प्री ओपन सेशन सुबह 11 बजकर 15 मिनट से शुरू होगा। यह सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर बंद होगा। सामान्य बाजार सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर खुलेगा। यह दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर बंद होगा। वहीं प्री क्लोजिंग सेशन दोपहर 12:40 बजे से 12:50 बजे तक होगा।

# भारत सरकार का 2030 तक 2 अरब टन कोयला भंडारण का लक्ष्य, फिर उत्पादन में ठहराव लाने का प्लान!

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार 2030-32 तक घरेलू तापीय कोयले का भंडार 1.8 से 2.5 अरब टन (बीटी) बनाने की योजना बना रही है। कोयला मंत्रालय की आंतरिक योजना के अनुसार इस अवधि के बाद कम से कम एक दशक के लिए कोयले के उत्पादन को यथास्थिति पर रोका जाएगा। वैसे भारत ने कोयले उत्पादन और उसके इस्तेमाल के लिए किसी वैश्विक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

कोयला मंत्रालय के अनुमान के अनुसार तापीय कोयले की मांग 2030 तक 1.5 से 1.8 अरब टन तक होगी। अधिकारियों के अनुसार 0.5 से 1.0 अरब टन के अतिरिक्त भंडार की योजना बनाई गई है ताकि अचानक से मांग बढ़ने पर उसे पूरा किया जा सके। मंत्रालय इस बात का भी ध्यान रख रहा है कि



यदि नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) स्रोत बिजली की मांग को पूरा करने में असमर्थ हों, तो तापीय कोयले की मांग पर क्या असर होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'यदि नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत 2030 के लक्ष्य 500 गीगावॉट को हासिल कर लेते हैं तब भी बुनियादी ऊर्जा स्रोत की जरूरत होगी। पहले अनुमान यह लगाया गया था कि इस दशक के अंत तक अनुमानित बिजली की मांग को पूरा करने के लिए 1.5 बीटी कोयले की जरूरत थी। हालांकि इस साल मांग सभी अनुमानों से परे निकल जाने के कारण अतिरिक्त क्षमता का निर्माण किया जाना चाहिए।' इस साल सर्वाधिक बिजली की मांग 240 गीगावॉट थी। सूत्रों के मुताबिक मंत्रालय निजी और वाणिज्यिक खानों से 30 फीसदी तक कोयला उत्पादन का अनुमान लगा रहा है। इस साल मंत्रालय ने नवंबर में सार्वजनिक वक्तव्य में कहा था कि वह 2027 तक 1.4 बीटी और 2030 तक 1.5 बीटी कोयले का भंडार बनाने की योजना बना रहा है। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि 2030 से 2040 तक 'तुरंत उपलब्ध कोयला भंडार' की योजना तैयार की गई है। इस योजना में बदलाव किया गया है। इसका कारण यह है कि विभिन्न राज्य बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ने के कारण तापीय बिजली की नई इकाइयां लगाने या मौजूदा इकाइयों का विस्तार करने जा रहे हैं।

# 'भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने पर जोर'; मार्च 2024 तक करार पूरा करने के इच्छुक हैं सुनक

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने के इच्छुक हैं। यूके मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 के अंत में ईस्टर के त्योहार से पहले सुनक एफटीए को अंतिम रूप देने के इच्छुक हैं। बता दें कि भारत-ब्रिटेन एफटीए वार्ता पिछले साल जनवरी में शुरू हुई थी। इसका मकसद द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को 36 बिलियन पाउंड (जीबीपी) तक ले जाना था। 15 दिसंबर को 13वें दौर की वार्ता खत्म हुई। अब 2024 में दोनों देशों की बातचीत का नया दौर शुरू होने की उम्मीद है। यह बातचीत का आखिरी दौर होगा।

डेली एक्सप्रेस अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री सुनक और उनके भारतीय समकक्ष पीएम मोदी अप्रैल तक मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करने के इच्छुक हैं। उम्मीद है कि



एक अप्रैल को समझौते पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। यानी भारत में आम चुनाव 2024 शुरू होने से पहले एफटीए पर मुहर लगाई जा सकती है। व्यापार वार्ता से जुड़े एक करीबी सूत्र के हवाले से आई रिपोर्ट के मुताबिक FTA को अंतिम रूप देने में काफी प्रगति हुई है। हालांकि, कुछ कठिन पहलुओं पर वार्ता अभी भी लंबित है। सूत्र ने बताया, प्रगति के बावजूद करार को अंतिम रूप देना सबसे कठिन होता है। कई हफ्तों से वार्ताकार एफटीए से जुड़े विवरणों पर विचार कर रहे हैं। भारत में होने वाले आम चुनावों की समय सीमा को देखकर काम किया जा रहा है। सूत्र ने कहा, ऋषि सुनक और पीएम मोदी दोनों ही सौदे के लिए उत्सुक हैं। अब सबकी नजरें करार पर आधिकारिक साइन पर है। दरअसल, भारत और ब्रिटेन में 2024 में आम चुनाव होने हैं। माना जा रहा है कि दोनों पक्षों के नेता चुनावी मोड में आने से पहले व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करना विशेष रूप से जरूरी मान रहे हैं। खबरों के मुताबिक यूके को उम्मीद है कि एफटीए भारत के लिए स्कॉच व्हिस्की और कारों के व्यापार के साथ-साथ सर्विस सेक्टर में भी संभावनाओं के नए दरवाजे खोलेगा। FTA के बाद निवेश के नए अवसर भी बनेंगे। भारत में विनिर्मित वस्तुओं को दूसरे देशों में भेजा जाएगा। भारत ब्रिटेन से पेशेवर वीजा पर समझौते की मांग भी करेगा।

# दिल्ली सरकार ने बढ़ाई ईवी नीति की मियाद

**लंदन।** दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति की मियाद में 3 महीने की बढ़ोतरी की है। पहले यह केवल 31 दिसंबर तक की थी। इस नीति को अगस्त 2020 में लाया गया था, जिसका मकसद 2024 तक दिल्ली में ईवीस की हिस्सेदारी को 25फीसदी तक बढ़ाने वाली है। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने पहले बताया था कि 'इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2.0 में वाहनों की उच्च लागत को देखते हुए, 'रेट्रोफिटिंग' को प्रोत्साहित



किया जाएगा। रेट्रोफिटिंग एक ऐसी टेक्नीक है, जिसके ज़रिए पुरानी या नार्मल इंटरनल कंबस्शन इंजन (आईसीई) कारों को इलेक्ट्रिक कार में बदलने के लिए इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी लगाई जाती है। इसमें कार के इंजन को इलेक्ट्रिक मोटर के साथ रिप्लेस किया जाता है।

## गुरुग्राम में घरों की बिक्री 13फीसदी बढ़ी, नोएडा-ग्रेटर नोएडा में मांग घटी

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के गुरुग्राम में इस साल बेहतर मांग से आवास बिक्री में 13 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विशेषरूप से लक्जरी घरों की मांग बढ़ने से कुल बिक्री बढ़ी है। हालांकि, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में घरों की बिक्री में सात-आठ प्रतिशत की गिरावट आई है। रियल एस्टेट परामर्श फर्म एनारॉक की रविवार को एनसीआर पर जारी रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, गुरुग्राम में आवासीय संपत्तियों की बिक्री 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 36,970 इकाई हो गई, जो 2022 में 32,615 इकाई थी। हालांकि, नोएडा में आवास बिक्री आठ प्रतिशत गिरकर 5,840 इकाई रह गई, जो पिछले साल 6,360 इकाई थी। ग्रेटर नोएडा में आवास बिक्री सात प्रतिशत गिरकर 10,180 इकाई रह गई, जो पिछले साल 10,985 इकाई थी। गाजियाबाद में भी बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 6,340 इकाई रह गई, जो इससे पिछले साल 6,890 इकाई थी। दिल्ली, फरीदाबाद और भिवाड़ी में कुल आवास बिक्री घटकर 6,295 इकाई रह गई, जो 2022 में 6,860 इकाई थी। कुल मिलाकर पूरे साल दिल्ली-एनसीआर में आवास बिक्री तीन प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 65,625 इकाई हो गई, जो 2022 में 63,710 इकाई थी।

## हारिस रऊफ की वापसी, एससीजी टेस्ट के लिए पाकिस्तान टीम में शामिल

**सिडनी।** हारिस रऊफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने तीसरे टेस्ट मैच से कुछ दिन पहले सिडनी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम में शामिल हो गए हैं। नवंबर में, 30 वर्षीय ने मूल रूप से मेलबर्न स्टार्स के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) 2023-24 मैच खेलने के लिए पाकिस्तान की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को छोड़ दिया था। रऊफ ने 13 दिसंबर से 28 दिसंबर के बीच स्टार्स के लिए 4 मैच खेले। हालांकि उन्होंने टेस्ट मैच के लिए 31 दिसंबर को एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ जरूरी मैच छोड़ दिया है। क्रिकेटर को पाकिस्तान के रंग में सिडनी जाते हुए देखा गया, क्योंकि टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी 'नए साल' पर होने वाले टेस्ट मैच के लिए तैयार है। यह टेस्ट 3 जनवरी से 7 जनवरी के बीच खेला जाएगा। पाकिस्तान को पहले दो टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारी हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान सीरीज गंवा चुका है। वह 1992 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीत नहीं पाया है। रऊफ की अनुपस्थिति में, शाहीन अफरीदी ने पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभाली। उनके साथ आमिर जमाल और खुर्रम शहजाद भी शामिल रहे।हारिस रऊफ के पाकिस्तान टीम में शामिल होने से, कोई यह मान सकता है कि क्रिकेटर एससीजी में अपने देश की शुरुआती लाइन-अप में शामिल हो सकते हैं। स्पीडस्टर ने हाल ही में लगातार बीबीएल 2023-24 खेलों में सिडनी सिक्सर्स और होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ मुकाबले में विजयी प्रदर्शन किया था। नवंबर 2023 में, रऊफ को पूरे पाकिस्तानी क्रिकेट जगत से काफी आलोचना मिली थी, जब उन्होंने फ्रेंचाइजी क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों के टेस्ट दौरे से खुद को बाहर कर लिया था।

## पीएसएल पर बोले वसीम अकरम- यह मिनी इंडियन प्रीमियर लीग की तरह है

**सेंचुरियन।** महान पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने पीएसएल को पाकिस्तान का 'मिनी-आईपीएल' करार दिया। अकरम से आईपीएल और पीएसएल में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया तो बिना रुके इस सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं दोनों लीगों का हिस्सा रहा हूं। उनकी तुलना करना असंभव है, आईपीएल बहुत बड़ा है। पीएसएल पाकिस्तान में महत्वपूर्ण है, देश के लिए मिनी आईपीएल की तरह।

अकरम की तुलना आईपीएल के निर्विवाद वैश्विक प्रभुत्व को उजागर करती है, जो अपने गुणवत्तापूर्ण मैचों और स्टार-स्टडेड प्लेयर लाइन-अप के लिए प्रसिद्ध है। पीएसएल, हालांकि पाकिस्तान में महत्वपूर्ण है, इसे भारतीय क्रिकेट महाकुंभ का छोटा संस्करण माना जाता है। जब अकरम से कोलकाता नाइट राइडर्स और कराची किंग्स के बीच चयन करने के लिए कहा गया, तो टीम की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अकरम ने कूटनीतिक रूप से दोनों को चुना, शायद दोनों फ्रेंचाइजी की ताकत को स्वीकार करते हुए। आईपीएल 2024 22 मार्च से शुरू होकर मई के अंत तक चल सकता है। यह इस पर निर्भर करता है कि भारत का चुनाव आयोग अगले आम चुनाव की तारीखों की घोषणा कब करता है।

## मैगनस कार्लसन सातवीं बार बने विश्व ब्लिट्ज़ शतरंज चैम्पियन

**समरकन्द।** यहाँ नॉर्वे के मैगनस कार्लसन ने एक और इतिहास रचते हुए विश्व रैपिड के बाद विश्व ब्लिट्ज़ का खिताब भी अपने नाम कर लिया । शतरंज के इन दोनों फटाफट फॉर्मेट रैपिड और ब्लिट्ज़ के दोहरे खिताब पिछले साल भी कार्लसन ने ही अपने नाम किए थे और एक बार फिरसे उन्होंने यह साबित कर दिया की कार्लसन से बड़ा खिलाड़ी फिलहाल तो कोई नहीं है । कार्लसन नें 21 राउंड के ब्लिट्ज़ टूर्नामेंट में 16 अंक बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता ,इस दौरान उन्होंने



12 मुकाबले जीते तो 8 ड्रॉ खेले जबकि उन्हे एकमात्र हार फ्रांस के मक्सीम लाग्रेव के हाथो मिली । कार्लसन नें इससे पहले 2009 , 2014, 2017, 2018, 2019, 2022 में यह खिताब अपने नाम किया था । 15.5 अंक बनाकर रूस के डेनियल डुबोव नें रजत तो रूस के ही आर्टेमिव ब्लादिस्लाव नें 15 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया । भारतीय खिलाड़ियों में 14 अंक बनाकर अर्जुन एरिगासी छठे ,13.5 अंक बनाकर अरविंद चितांबरम 14वे ,12.5 अंक बनाकर प्रज्ञानन्दा 28वे स्थान पर रहे ।

# ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टेस्ट के बाद एकदिनी क्रिकेट से भी लिया संन्यास

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपने टेस्ट करियर के अंत के साथ-साथ एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास की घोषणा कर दी है, हालांकि अगर ऑस्ट्रेलिया को लगता है कि उन्हें उनकी जरूरत है तो उन्होंने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी खेलने का दरवाजा अभी खुला रखा है।

उन्होंने सोमवार को सिडनी में एक प्रेस कांफ्रेंस में संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, मैं निश्चित रूप से एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं।यह कुछ ऐसा था जो मैंने विश्व कप के दौरान कहा था, इसे पार करना और भारत में इसे जीतना, मुझे लगता है कि यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा, तो मैं आज उन फॉर्मों से संन्यास लेने का निर्णय लूंगा, जो मुझे दुनिया भर में कुछ अन्य लीगों में जाने और खेलने की अनुमति देता है और एक दिवसीय टीम को थोड़ा आगे बढ़ने में मदद करता है। मुझे पता है कि एक चैंपियंस है ट्रॉफी आ रही है। अगर मैं दो साल के समय में अच्छा क्रिकेट खेल रहा हूं और मैं आसपास हूं और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को जरूरत है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। इसका मतलब है कि अहमदाबाद में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनका अंतिम वनडे था, जिसमें उन्होंने 22 शतकों के साथ 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए। वह पुरुषों के एकदिवसीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया के छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और रिकी पोंटिंग के बाद शतकों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं,



जिन्होंने वार्नर की तुलना में 205 अधिक एकदिवसीय पारियां खेली हैं। पहले से ही उम्मीद थी कि वार्नर अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेलेंगे ताकि वह दुबई कैपिटल्स के साथ अपना आईएलटी20 करार कर सकें। वह इससे पहले टी20ई मैचों से भी चूकने वाले हैं, लेकिन कम से कम जून में कैरेबियन और यूएसए में होने वाले विश्व कप तक उस प्रारूप में अपना करियर जारी रखना चाहते हैं। वह हर प्रारूप में शतक बनाने से एक मैच दूर हैं।

नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप के बाद, वार्नर ने 2027 तक आगे बढ़ने का संकेत दिया था, हालांकि तब तक वह 41 वर्ष के हो चुके होंगे और कहा था कि जिस तरह से टीम ने भारत में वापसी की थी, वह इसे आदर्श समापन बिंदु बनाता है। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा निर्णय था जिसके साथ मैं बहुत सहज था। भारत में जीतना, जहां हम थे, बिल्कुल आश्चर्यजनक था।

उन्होंने कहा, जब हम भारत में लगातार दो गेम हार गए, तो एक-दूसरे के साथ संबंध मजबूत हो गए और यह कोई संयोग नहीं है कि हम वहां पहुंचने में सक्षम थे जहां हम थे। मैक्सी [ग्लेन मैक्सवेल] की वीरता, कप्तानी और जिस तरह से हमने भारत के खिलाफ खेला उसका कौशल और कार्यान्वयन अभूतपूर्व था, और कोलकाता सेमीफाइनल में भी इसे खारिज नहीं किया जा सका।37 वर्षीय खिलाड़ी ने दो बार के विश्व चैंपियन के रूप में अपने एक दिवसीय करियर को अलविदा कहा है और हाल ही में 2023 विश्व कप को ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी रन स्कोरर के रूप में समाप्त किया है। उन्होंने 22 शतकों के साथ 45.30 की औसत से 6,932 वनडे रन बनाए हैं। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में केवल रिकी पोंटिंग ने ही सबसे अधिक वनडे शतक बनाए हैं।

## सदर्न डर्बी में बेंगलुरु बुल्स ने दर्ज की रोमांचक जीत, तमिल थलाइवाज की लगातार छठी हार

**नोएडा।** बेंगलुरु बुल्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 10वें सीजन के 50वें मैच में तमिल थलाइवाज को 1 अंक से हरा दिया। यहां नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए एक कड़े मुकाबले में तमिल थलाइवाज की टीम कई मौकों पर अच्छी लीड लेने के बाद अंतिम मिनटों में अपनी लय खो बैठी और उसे बेंगलुरु के खिलाफ 37-38 से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु बुल्स ने अंतिम दो मिनट के अंदर मैच को पलटते हुए जीत के साथ साल 2023 का समापन किया।

बेंगलुरु बुल्स के लिए भरत ने सुपर-10 के साथ 10 अंक बटोरे। उनके अलावा विकास कंडोला, नीरज नरवाल और सौरभ नांदल ने 4-4 प्वॉइंट्स अपने नाम किए। तमिल थलाइवाज की ओर से नरेंदर ने सुपर-10 लगाते हुए 12 अंक हासिल किए, लेकिन वह टीम को जीत दिलाने से चूक गए।

बेंगलुरु बुल्स की सीजन-10 में 10 मैचों में यह चौथी जीत है



और टीम अब 25 अंकों साथ 10वें से सातवें नंबर पर पहुंच गई है। तमिल थलाइवाज को नौ मैचों में सातवीं और लगातार छठी हार का मुंह देखना पड़ा है। टीम 13 अंक लेकर 11वें नंबर पर है।

सदर्न डर्बी के इस मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए शुरुआती कुछ मिनटों में अपना दबदबा कायम रखा। लेकिन तमिल थलाइवाज ने जल्द ही वापसी करते हुए स्कोर को 7-7 की बराबरी पर ला दिया। थलाइवाज ने हालांकि नरेंदर के दम पर तीन अंकों की लीड ले ली थी कि तभी बेंगलुरु ने आठवें मिनट में सुपर टैकल करके लीड को खत्म कर दिया। इसके साथ ही पहले 10 मिनट के खेल में दोनों टीमें 10-10 की बराबरी पर थी।तमिल थलाइवाज के लिए नरेंदर के अलावा अजिंक्य पवार ने भी अंक लेना जारी रखा। 15वें मिनट तक थलाइवाज के पक्ष में एक अंक का फासला था। इसी बीच, बेंगलुरु बुल्स ने 18वें मिनट में सुपर टैकल करके स्कोर को फिर से 14-14 की बराबरी पर ला दिया। अगले ही मिनट में नितिन सिंह ने सुपर रेड के साथ थलाइवाज को बढ़त दिला दी। थलाइवाज ने 20वें मिनट में बेंगलुरु बुल्स को ऑल आउट करके हाफ की समाप्ति तक अपने स्कोर को 20-17 कर लिया। विकास कंडोला ने दूसरे हाफ में सुपर रेड करके बेंगलुरु को तीन अंक दिला दिए। लेकिन तमिल थलाइवाज ने फिर से लीड कायम कर ली। थलाइवाज ने 25वें और फिर 29वें मिनट में विकास कंडोला को दो बार सुपर टैकल करके अपनी लीड को पांच अंकों तक पहुंचा दिया।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मो. साबिर एवं अब्दुल कादिर बने तकनीकी अधिकारी

**प्रयागराज।** चेन्नई तमिलनाडु में 20 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र मोहम्मद साबिर और केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट के शारीरिक शिक्षक अब्दुल कादिर को खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी के रूप में चुना गया है। यह जानकारी मोहम्मद साबिर ने देते हुए बताया है कि शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रोफेसर अर्चना चहल के निर्देशन में वे पीएचडी कर रहे हैं। उन्हें स्क्वैश रैकेट फेडरेशन और खेलो इंडिया




द्वारा चुना गया है। चेन्नई स्थित राष्ट्रीय स्क्वैश अकादमी में अयोजित इस टूर्नामेंट में 19 राज्य के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

मोहम्मद साबिर ने बताया कि उनके भाई उन्हें 2012 में 19 साल की उम्र में रेफरी के रूप में पहले टूर्नामेंट का ऑफर किया था। 2012 से अब तक वह 50 से अधिक राष्ट्रीय स्तर टूर्नामेंट और दक्षिण एशियाई खेल विश्व जूनियर स्क्वैश टूर्नामेंट में रेफरी की भूमिका निभा चुके हैं। 2020 में उन्हें निदेशक रेफरी उत्तर क्षेत्र के रूप में चुना गया था।वहीं, अब्दुल कादिर प्रयागराज के पूर्व कोच भी रह चुके हैं और वर्ष 2011 से रेफरी कर रहे हैं। अब्दुल कादिर एशियन स्क्वैश फेडरेशन और वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन द्वारा लेवल वन कोच हैं।

## रणजी ट्राफी में एक बार फिर पुराने क्रिकेटरों पर जताया गया भरोसा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ इस बार की रणजी टीम में एक बार फिर से पुराने खिलाड़ियों पर ही भरोसा जताया गया है। पिछले साल बीच सत्र के दौरान ही टीम से हटाए गए क्रिकेटरों की टीम में पुन: वापसी एक बार फिर से कुछ और इशारे बयां कर रही है। प्रदर्शन के आधार पर देखा जाए तो जिन तीन खिलाड़ियों की वापसी टीम में हुई है, वह पिछले साल कुछ खास ना कर सके थे। इसके बावजूद भी सैलेक्टर्स ने उन पर न जाने किस आशा पर भरोसा जताया है।

गौरतलब है कि रणजी ट्राफी टीम के इन तीन सदस्यों को और खिलाड़ियों को बीते साल प्रदर्शन न कर पाने के लिए टीम से बाहर बैठा दिया गया था और उनके स्थान पर नए नवेले खिलाड़ियों को टीम में जगह दे दी गयी थी। ऐसा उन खिलाड़ियों का पूरे सत्र में अनफिट होने का कारण भी दर्शाया गया था। क्योंकि अगर टीम चुनने के लिए फिटनेस ही आधार बनाया गया होता तो भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को भी स्थान आसानी से मिल सकता था। यही नहीं पूर्व कप्तान नितीश राणा भी टीम में शामिल नहीं किए गए।

यूपीसीए के सूत्र बताते हैं कि कानपुर,लखनऊ और मेरठ के खिलाड़ियों की टीम में एक बार फिर से वापसी चयनकर्ताओं के लिए एक चुनौती पेश कर सकते हैं। क्रिकेट जगत के लोगों में चर्चा है कि अगर किसी खिलाड़ी की उम्र ढलान की ओर होती है तो उसका असर उसकी फिटनेस पर अवश्य ही पड़ता है। क्रिकेट के एक जानकार के मुताबिक बीते साल इन्हीं खिलाड़ियों को शायद फिटनेस न होने पर बाहर का रास्ता दिखाया दिया गया था और तो और दिन प्रतिदिन कठिन होते जा रहे यों-यों टेस्ट पास करना पुराने खिलाड़ियों के लिए इतना आसान भी नहीं है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के ही एक होनहार खिलाड़ी सुरेश रैना को टेस्ट पास न कर पाने के चलते भी टीम से बाहर कर दिया गया था। बीते सितम्बर महीने में आयोजित प्रदेश प्रीमियर लीग टी-टवेन्टी प्रतियोगिता में कानपुर नगर के खिलाड़ी को दो मैचों के बाद बिठा दिया गया था, जबकि समर्थ को पूरे मौके भी नहीं दिए गए थे। लखनऊ के क्रिकेटर और कप्तान भी कानपुर की कप्तानी सुचारू रूप से नहीं कर सके थे। इन तीनों की टीम में वापसी पर कानपुर नगर के एक खिलाड़ी ने कहा कि अगर इन तीनों की वापसी फिटनेस के आधार पर की गयी है तो भुवनेश्वर को भी टीम का हिस्सा अवश्य ही होना चाहिए।

यूपीसीए से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि कल तक इन खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखने के लिए चर्चा आम थी ऐसा क्या हुआ कि सबका चयन एक बार फिर से हो गया। इस बारे में बात करने के लिए मीडिया मैनेजर मोहम्मद फहीम को फोन मिलाया गया, लेकिन उस पर बात नहीं हो सकी।

## यूनाइटेड कप : नोवाक जोकोविच ने सर्बिया को दिलाई चीन पर जीत

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)।** नोवाक जोकोविच ने पर्थ में एक दशक के बाद पहला मैच खेलते हुए यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में सर्बिया को चीन पर 2-1 से जीत दिलाई। जोकोविच ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के इस शहर में इससे पहले अपना अंतिम मैच 2013 में होपमैन कप में खेला था। जोकोविच ने एकल मैच में झांग झिझेन को 6-3, 6-2



से हराया और फिर ओल्गा डेनिलोविच के साथ मिलकर निर्णायक मिश्रित युगल में झेंग क्विनवेन और झांग के खिलाफ 6-4, 1-6, 10-6 से जीत दर्ज की। झेंग ने इस बीच डेनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराकर चीन को बराबरी दिलाई थी। चीन ने अपने पहले मुकाबले में चेक गणराज्य को 3-0 से हराया था लेकिन अब सर्बिया भी ग्रुप ई से आगे बढ़ने की दौड़ में शामिल हो गया है।

## फीडे कैंडिडैट शतरंज : भारत के डी गुकेश नें भी बनाई जगह

**नई दिल्ली ।** भारतीय शतरंज के लिए वर्ष 2023 का आखिरी दिन भी शानदार रहा और जैसे ही फीडे ब्लिट्ज़ शतरंज का समापन हुआ उसके बाद विश्व शतरंज संघ नें अधिकृत तौर पर गुकेश के फीडे कैंडिडैट में फीडे सर्किट में शीर्ष स्थान पर रहने के कारण चयनित होने की घोषणा कर दी । और अब प्रज्ञानन्दा , विदित गुजराती और गुकेश तीन भारतीय पहली बार फीडे कैंडिडैट में खेलते नजर आएगे जो अपने आप में एक इतिहास होगा । इससे पहले सिर्फ रूस के तीन खिलाड़ी एक साथ फीडे कैंडिडैट खेले थे ।

क्या है फीडे कैंडिडैट ? : शतरंज में दुनिया के 8 खिलाड़ी जो विभिन्न माध्यम से चयनित होकर आते है , डबल राउंड रॉबिन क्लासिकल टूर्नामेंट खेलते है और



इसका विजेता खिलाड़ी ही वर्तमान विश्व चैम्पियन से विश्व चैंपियनशिप खेलता है , 2023 में मैगनस कार्लसन के विश्व चैंपियनशिप से नाम वापस लेने के बाद रूस के यान नेपोमनिशि को हराकर चीन के डिंग लीरेन विजेता बने थे ।

कौन कौन होगा कैंडिडैट में ? पिछली बार विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर होने के चलते रूस के यान नेपोमनिशी, फीडे विश्व कप से भारत के प्रज्ञानन्दा और यूएसए के फबियानों करूआना जबकि कार्लसन की जगह विश्व कप की यह सीट अजरबैजान के अबासोव को मिलेगी , फीडे ग्रांड स्विस विजेता भारत के विदित गुजराती और उपविजेता यूएसए के हिकारू नाकामुरा , फीडे सर्किट से भारत के डी गुकेश और सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के कारण फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को यह स्थान मिला है ।

## अक्षर पटेल ने सुनाया किस्सा- उस दिन मुझे पंत की बहन का फोन आया... मैं डर गया क्योंकि

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिल्ली-रुड़की राजमार्ग पर पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। पंत की कार डिवाइडर से टकरा गई थी जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। कार में आग लग गई थी और वह राहगीर की मदद से बचे थे। इसी बीच भारतीय क्रिकेट टीम और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) में पंत के साथी अक्षर पटेल ने एक किस्सा शेयर किया है। अक्षर पटेल ने बताया कि उस दिन सुबह-सुबह पंत की बहन प्रतिमा का मुझे फोन आया। उन्होंने पूछा कि आखिरी बार पंत से कब बात की थी। उस वक्त सुबह 7 या 8 बजे थे। वह जानना चाहती थी कि मेरी आखिरी बार ऋषभ पंत से कब बात हुई थी। मैंने समझाया कि मैंने पिछले दिन उससे बात करने की योजना बनाई थी लेकिन नहीं कर पाया। प्रतिमा ने तुरंत पंत की मां का संपर्क नंबर मांगा, जिससे पता चला कि वह एक दुर्घटना का शिकार हो गया है। डीसी द्वारा अपलोड किए गए एक वीडियो में अक्षर ने कहा कि मेरी प्रारंभिक



प्रतिक्रिया सबसे खराब होने का डर था, यह सोचकर कि वह मर जाएगा। बता दें कि पंत उस दुर्घटना के बाद तेजी से सुधार कर रहे हैं। उनका लक्ष्य 2024 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक्शन में वापसी करना है। डीसी फ्रेंचाइजी के साथ 19 दिसंबर को दुबई में आईपीएल नीलामी तालिका में उनकी उपस्थिति मैदान पर वापस आने के उनके दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। आईपीएल द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक हालिया वीडियो में, पंत ने ऐसी दर्दनाक घटना के बाद जीवित रहने के लिए आभार व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि दुर्घटना के बाद जीवित हूं। शुरुआती रिकवरी कठिन थी, लेकिन अब यह अच्छी तरह से प्रगति कर रही है, खासकर शारीरिक रूप से। शुरुआती चुनौतियों के बावजूद, मैं पुनर्प्राप्ति यात्रा को लेकर आशावादी हूं। लोगों का सामना करना कठिन था, लेकिन कठिन समय में अपनी टीम का समर्थन करना मेरे लिए आवश्यक था। यह मेरी पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और मैं चुनौतियों से पार पाने के लिए दृढ़ हूं।

## रूस की गुनिना बनी विश्व महिला ब्लिट्ज़ विजेता , हरिका कांस्य पदक से चूकी

**समरकन्द।** यहाँ 17 राउंड की विश्व महिला ब्लिट्ज़ शतरंज चैंपियनशिप का खिताब रूस की गुनिना वालेंटीना नें अपने नाम कर लिया , गुनिना नें 14 अंक बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया , इससे पहले कई बार वह इस खिताब के करीब आकर चूक चुकी थी पर इस बार उन्होंने यह कारनामा कर दिखाया और स्वर्ण पदक जीत लिया । स्विट्ज़रलैंड की अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक नें 13.5 अंक



बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया और रजत पदक अपने नाम किया । वहीं कांस्य पदक के लिए मुकाबले में भारत की हरिका द्रोणावल्ली चीन की जु जिनर से हार गयी और सातवे स्थान पर रही जबकि 12.5 अंको के साथ जिनर नें यह खिताब जीत लिया . इसी दौरान विश्व रैपिड शतरंज में पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया गया , भारत की कोनेरु हम्पी नें विश्व रैपिड स्पर्धा में रजत पदक जीता था ।

## भारत से पैसे लो और उन्हें विश्व कप में हराओ- हरभजन ने शेयर की मजेदार वीडियो

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने हाल ही में आईपीएल 2024 नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 24.75 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के बाद मिचेल स्टार्क का एक मजेदार वीडियो साझा किया था। स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उनके लिए केकेआर और गुजरात टाइटन्स ने बोली लगाई थी लेकिन अंत में केकेआर इसमें जीतने में सफल रही थी। हरभजन ने स्टार के आईपीएल अनुबंध पर एक मजेदार क्लिप साझा की। उन्होंने लिखा- सिर्फ हंसने के लिए। देखें वीडियो- बता दें कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में भारत की हार के बाद हरभजन सिंह ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं पर निशाना साधा था। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। हरभजन ने कहा था कि पुजारा विराट कोहली की तरह हैं और अनुभवी स्टार पर भरोसा न दिखाने के लिए प्रबंधन को लताड़ लगाई। उन्होंने कहा था कि रहाणे और पुजारा को टेस्ट टीम का हिस्सा होना चाहिए था। पुजारा विराट कोहली की तरह हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में भारत के लिए मैच जीते हैं।

